**नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त**

# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

## Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

**(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)**

***(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)***

---

### विश्व समाज कार्य दिवस पर नुक्कड नाटक की प्रस्तुति

वर्धा, 19 मार्च 2019: वैश्विक समाजकार्य दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी




विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी फ्युजी गुरुजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र द्वारा कार्यक्रम का आयोजन




किया गया। कार्यक्रम के उपलक्ष्य मे वर्धा मे जगह-जगह नुक्कड नाटक की प्रस्तुति की गई। मानवीय

संबंध की महत्ता पर केंद्रित वैश्विक समाज कार्य दिवस पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया साथ ही उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत चयनित पाँच गांवों - तलेगांव टालाटुले, सोनेगांव बाई, चना टाकली, नांदोरा, सावंगी झाड़े का चयन किया है । इस अभियान को सफल बनाने के लिए महात्मा गांधी फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिव सिंह बघेल के निर्देशन में एम. एस. डब्ल्यू. द्वितीय छमाही के विद्यार्थियों ने मंगलवार को सावंगी झाड़े गांव में परिवार सर्वेक्षण प्रपत्र भरकर उन्नत भारत अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार ने समाज कार्य के सभी विद्यार्थियों और शोधार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान की समस्याओं को देखते हुए व्यवसायिक सामाजिक कार्यकर्ता की समाज में अहम भूमिका है। इस अवसर पर केंद्र के सहायक प्रोफेसर आमोद गुर्जर, गजानन निलामे, शिवाजी जोगदंड सहित शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

***मा. संपादक/संवाददाता महोदय,***

***कृपया संलग्न समाचार को प्रकाशित कर अनुगृहीत करें। धन्यवाद।***